तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्दकरण राठौड़ बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 172/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24—12—24	अपीलार्थी गोविन्दकरण राठौड़ निवासी 79, हनवन्त बी, सेक्टर बी, बी.जे.एस. कॉलोनी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 14/10/2024 में पत्र क्रमांक 99 दिनांक 10.07.2024 पर हुई सम्पूर्ण कार्यवाही से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर—ग्रामीण	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.24 17:06:22 IST
Reason: Approved